## हिन्दी प्रतियोगिताओं 2022 के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरण समारोह की एक प्रस्तुति

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण में 21 अक्तूबर, 2022 को सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए वृहद कांफ्रेस हॉल में हिंदी पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री यशवंत कुमार जैन, अवर सचिव (वित्त/रा.भा.) द्वारा हिंदी पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात् उन्होंने हिंदी पखवाड़ा आयोजन की एक संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात् इस बात पर जोर दिया गया कि राजभाषा हिंदी का प्रयोग अधिकाधिक लिखित और मौखिक रूप में किया जाए। इस दिशा में गृह मंत्रालय के अधीन राजभाषा विभाग स्थापित किया गया और समय-समय पर उसके अनुपालन हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए। समस्त कार्यालयों में प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर से 30 सितम्बर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जाता है। इस दौरान कर्मचारियों के लिए विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। इसी अनुक्रम में अध्यक्ष महोदय के निर्देश और मार्गदर्शन में भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण मुख्यालय और उसकी एकीकृत जांच चौकियों में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं यथा हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण, निबंध, श्रुतलेख, राजभाषा प्रश्नोत्तर, वाद विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यालय में पहली बार ऐसा किया गया कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बाहरी निर्णायकों से करवाया गया। अधिक से अधिक प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए, इस बार पुरस्कारों की संख्या भी प्रत्येक प्रतियोगिताओं में 10 रखी गई। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सात

सांत्वना पुरस्कार रखे गए। इसके अलावा, सभी एकीकृत जांच चौकियों में प्रतियोगिताओं और वित्तीय व्यय की एक समान रूपरेखा तैयार करके उन्हें अग्रिम रूप में भेजा गया, जिससे सभी एकीकृत जांच चौकियों में सभी प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इसके बाद, श्री यशवंत कुमार जैन, अवर सचिव (वित्त/रा.भा.) ने समारोह में उपस्थित सभी माननीय अधिकारियों से अपने विचार रखने का निवेदन किया।

श्री हरीश राय, उप सचिव (प्रशासन/वित्त) ने अपने वक्तव्य में कहा कि जैसा कि हम सभी जानते है कि हिंदी हमारे देश की राजभाषा हैं और कार्यालयों में इसका प्रयोग करके इसको संवर्धित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी एवं संवैधानिक आवश्यकता हैं। ऐसा तभी संभव होगा जब हम सब अपने प्रतिदिन के कार्यों में राजभाषा हिंदी का अत्याधिक प्रयोग करें। मैं इसी के साथ सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बधाई देता हूं।

श्री संजीव गुप्ता, सदस्य (योजना एवं विकास) से हिन्दी के काम काज को बढ़ाने के लिए अपने विचार रखने को कहा गया। उन्होंने एक हिंदी कविता सुनाकर उसके माध्यम से सभी प्रतिभागियों को राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने के लिए उनकी सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

श्रीमती रेखा रायकर, सदस्य (वित्त) ने अपने वक्तव्य में कहा कि इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागी पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं, इससे राजभाषा हिंदी के प्रति प्रतिभागियों के रूझान का पता चलता है। आप सभी इसी प्रकार अपनी रूचि को बनाये रखें और राजभाषा हिंदी में कार्य करना जारी रखें।

उसके पश्चात्, श्री यशवंत कुमार जैन, अवर सचिव (वित्त/रा.भा.) ने अध्यक्ष महोदय से हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अपने करकमलों से पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र  वितरण करने का अनुरोध किया। अध्यक्ष महोदय ने हिंदी प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र वितरित किए और उन्हें बधाई दी।

प्रमाणपत्र वितरण के पश्चात् श्री यशवंत कुमार जैन, अवर सचिव (वित्त/रा.भा.) ने अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देते हुए उन्हें प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया।

अंत में, अध्यक्ष महोदय ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे इस बात की बेहद प्रसन्नता हो रही है कि हमारे कार्यालय में बड़ी संख्या में स्टाफ हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। मैं हिंदी प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को बधाई देता हूं। चूंकि सरकार की नीति के अनुसार हिंदी को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन के आधार पर आगे बढ़ाया जाना चाहिए। इसलिए राजभाषा हिंदी में कार्य करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मन में एक सकारात्मक वातावरण बनाने में हिंदी पखवाड़े का आयोजन एक सार्थक कदम है।

मैं इस अवसर पर यहां उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध करता हूं कि आप सभी सप्ताह में प्रत्येक बुधवार राजभाषा हिंदी में काम करें और अपने सामान्य कर्तव्यों के साथ-साथ राजभाषा हिंदी का अनुपालन करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें तथा कार्यालय में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करके दूसरों के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें एवं संवैधानिक दायित्वों की पूर्ति करे।

अंत में, श्री यशवंत कुमार जैन, अवर सचिव (वित्त/रा.भा.) ने आदरणीय श्री आदित्य मिश्रा (अध्यक्ष महोदय), श्री संजीव गुप्ता, सदस्य (यो. व वि.), श्रीमती रेखा रायकर, सदस्य (वित्त), श्री हरीश चंद्र राय, उप सचिव (प्रशासन/वित्त) तथा समारोह में उपस्थित अन्य माननीय सदस्यों व उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आप सब ने अपना बहुमूल्य समय देकर इस समारोह को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया है। इसी के साथ सभी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए हिंदी पुरस्कार वितरण समारोह का समापन किया गया।

**दिनांक 21.10.2022 को आयोजित हिन्दी प्रमाण पत्र वितरण समारोह में प्रतिभागियों की एक झलक:-**

- श्री यशवंत कुमार जैन, अवर सचिव (वित्त/रा.भा.) हिंदी पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए।



- हिन्दी पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित कार्मिकों की झलक




- हिन्दी पखवाड़े में टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी



- हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता में परीक्षा देते हुए कार्मिक






- हिन्दी पखवाड़े के दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हुए सभी प्रतिभागी



- हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता मेंभाग लेते हुए प्रतिभागी-गण






- हिन्दी श्रुतलेख परीक्षा लेते हुए निर्णायक



- श्रुतलेख में भाग लेते हुए प्रतिभागियों की एक छोटी-सी झलक।




- निरीक्षक की देखरेख में परीक्षा देते हुए पदाधिकारी



- हिन्दी निबंध प्रतियोगिता की शुरुआत करते हुए




